## पुलिस की कार्यशैली को पारदर्शी बना रही गुलाबी पर्ची

जासं ● श्रावस्ती : मित्र पुलिस की पारदर्शी पुलिसिंग के लिए नवागत एसपी ने अनूठी पहल की है। अब पुलिस कार्यालय में फरियाद लेकर आने वाले लोगों को जनशिकायत प्रकोष्ठ से गुलाबी रंग की पावती रसीद मिलती है। इसमें शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर, शिकायत का संक्षिप्त व जांच अधिकारी का नाम अंकित रहता है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता लाने के लिए यह पहल की है। पर्ची से वह जांच अधिकारी का नाम और मोबाइल नंबर होने से शिकायतकर्ता अपने मामले की जांच की प्रगति आसानी से जान सकेंगे। पर्ची पर शिकायतकर्ता



जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता को दी जा रही ऐसी पर्ची ● जागरण

का हस्ताक्षर भी कराया जाता है। श्रावस्ती के एसपी राहुल भाटी ने बताया कि शिकायतों निस्तारण में पारदर्शिता लाने को यह व्यवस्था लागू की गई है। पुलिस सभी निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से निस्तारण करेगी। शिकायतों के निस्तारण में हीला-हवाली करने वाले जांच अधिकारी भी आसानी से सामने आ सकेंगे।

# पुलिस सेवा के उच्च आदर्शों को आत्मसात करें प्रशिक्षुः राहुल भाटी

**संदेश वाहक न्यूज**

**श्रावस्ती।** एसपी राहुल भाटी द्वारा शुक्रवार सुबह रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से सुदृढ़ रहने हेतु प्रेरित करते हुए सामूहिक दौड़ लगवाई गई। साथ हीं अनुशासन, एकरूपता, और कार्यक्षमता को बढ़ावा देने के लिए टोलीवार ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया। एसपी द्वारा पुलिस लाइन परिसर का सघन निरीक्षण किया गया।

इस दौरान क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, स्टोर, जिम, बैडमिंटन कोर्ट, 112 कार्यालय, साइबर थाना, कैंटीन,



पुलिस लाइन गेस्ट हाउस और प्रशिक्षण केंद्र का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। इस दौरान रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और पुलिस सेवा के उच्च आदर्शों को आत्मसात करने हेतु प्रोत्साहित किया। भोजनालय में भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की गहन जांच की गई।